## मधुमेह जागरूकता के लिए पिरामल फाउंडेशन की अनूठी पहल, कर रहे हैं जागरूक




**बड़वानी।** जिले के पाटी, राजपुर, सेंधवा, बड़वानी एवं निवाली विकासखंडों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में पिरामल फाउंडेशन द्वारा गैर-संचारी रोगों (एनसीडीएस), विशेष रूप से मधुमेह रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक सतत कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिन विकासखंडों में इएमआरएस विद्यालय संचालित हैं, वहां के ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले साप्ताहिक हाट बाजारों में ग्रामीण समुदाय को मधुमेह रोग से बचाव, लक्षण, समय पर जांच तथा उचित उपचार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि स्थानीय भाषा में प्रस्तुत किए जाने वाले मनोरंजक एवं स्वास्थ्य संदेशों से परिपूर्ण नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाई जा रही है। पिरामल फाउंडेशन का यह प्रयास न ग्रामीण समुदाय को भी गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फाउंडेशन द्वारा आगे भी इस तरह की जन-जागरूकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती रहेंगी।

# बोर्ड परीक्षा से पहले पढ़ाई अधूरी

### एसआईआर प्रक्रिया ने बढ़ाई विद्यार्थियों की चिंता, बीएलओ ड्यूटी में लगे 939 शिक्षक, हजारों छात्र-छात्राओं की तैयारी पर संकट

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले में इस वर्ष शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा गंभीर संकट में घिरती नजर आ रही है। 7 फरवरी से हासे और 11 फरवरी से हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होनी हैं, लेकिन परीक्षा से ठीक पहले छात्रों की पढ़ाई अधूरी रह गई है। जिलेभर में हाई स्कूल के 11 हजार 156 और हासे के 8 हजार 560 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं पर उनकी इस तैयारी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का गहरा असर पड़ा है।




निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत जिले के 939 शिक्षकों को बीएलओ कार्य में लगा दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों के स्कूलों से हटकर प्रशासनिक और गैर-शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त हो जाने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हुई। कई विद्यालयों में विषयवार कक्षाएं नियमित नहीं हो सकी, अनेक विषयों का सिलेबस अधूरा रह गया और बोर्ड परीक्षा से पहले जरूरी माने जाने वाला रिवीजन भी नहीं हो पाया। परीक्षा में अब महज डेढ़ माह से भी कम समय शेष है, ऐसे में विद्यार्थियों के सामने समय की भारी कमी है। इस स्थिति का सीधा असर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। छात्र-छात्राओं में तनाव, घबराहट और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। 12वीं के विद्यार्थियों का कहना है कि अधिकांश विषयों का सिलेबस अभी तक 75 प्रतिशत से अधिक पूरा नहीं हो पाया है। बचे हुए पाठ्यक्रम को इतने कम समय में पूरा करना कठिन लग रहा है।

#### परीक्षा में बैठने की मजबूरी

हाई स्कूल के छात्रों ने बताया कि न तो समय पर रिवीजन कराया गया और न ही पूरा कोर्स पढ़ाया गया। करीब 70 प्रतिशत से अधिक सिलेबस के साथ परीक्षा में बैठने की मजबूरी है। छात्राओं की पीड़ा भी सामने आई है। 12वीं की छात्रा सुनीता का कहना है कि इस बार बोर्ड परीक्षा के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहेंगे। पर्याप्त समय और मार्गदर्शन दोनों ही नहीं मिल पाए। हाई स्कूल की छात्रा सीमा बताती हैं कि स्कूल स्तर पर तैयारी अधूरी रही, मजबूरी में ट्यूशन का सहारा लेना पड़ा, लेकिन हर छात्र के लिए यह आर्थिक रूप से संभव नहीं है।

#### विद्यार्थियों को भुगतना पड़ेगा खामियाजा

ये स्थिति शासन और शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़े करती है। मतदाता सूची शुद्धिकरण जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया निस्संदेह जरूरी है, लेकिन विद्यार्थियों का भविष्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बोर्ड परीक्षा के ठीक पहले शिक्षकों को बड़ी संख्या में गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाना व्यावहारिक नहीं माना जा सकता। यदि समय रहते वैकल्पिक और प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई, तो इसका सीधा खामियाजा हजारों विद्यार्थियों को भुगतना पड़ेगा।

#### निर्देश दिए गए हैं

कलेक्टर के निर्देश पर प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को बीएलओ कार्य में प्राथमिकता दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर ही 9वीं से 12वीं के शिक्षकों को लगाया गया। वार्षिक परीक्षाएं नजदीक होने के कारण शिक्षकों को एक्स्ट्रा कक्षाएं लगाकर सिलेबस पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**जेएस परमार, सहायक संचालक जिला शिक्षा विभाग**

#### फरवरी में होनी है परीक्षा

- **7 फरवरी से हायर सेकेंडरी और 11 फरवरी से हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होनी है।**

## रेहगुन में चलाया कॉलेज चलो अभियान

**बड़वानी।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित के मार्गदर्शन एवं कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी प्रो दिलीप पाटीदार के संयोजन में सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज चलो अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डॉ रितेश भावसार एवं डॉ नारायण पाटीदार की टीम ने शाउमावि रेहगुन में सम्पर्क किया एवं 12वीं में अध्ययरत विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ दिलीप पाटीदार ने सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधित जानकारी दी। वहीं डॉ भावसार और डॉ नारायण पाटीदार ने भी जानकारी दी। विद्यार्थियों ने प्रवेश सम्बंधित एवं पाठ्यक्रम के बारे में जिज्ञासाओं को रखा। कॉलेज चलो अभियान में विद्यालय प्राचार्य पीके श्रीवास्तव एवं शिक्षकों का भी सहयोग रहा।

## मप्र गौसेवक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**पानसेमल, ( नवभारत )** मध्यप्रदेश गौसेवक संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पशु चिकित्सक इंदरसिंह दोहरे को ज्ञापन सौंपा है। संघ के पानसेमल ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर निंबालकर ने बताया कि प्रदेश भर में हजारों गौसेवक बिना मानदेय के वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार का मासिक मानदेय उन्हें नहीं दिया जा रहा है।



गौसेवकों द्वारा टीकाकरण किया जाता है, साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी पशु पालकों को दी जाती रही है। उनके द्वारा विभाग के अन्य कार्य भी किए जाते हैं, लेकिन मासिक मानदेय तय नहीं किया गया है।

संगठन द्वारा पानसेमल, निवाली, सेंधवा सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी ज्ञापन सौंपा गया है। गौसेवकों की मांग है कि शासन उनकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके मानदेय की चिंता करे। ज्ञापन को लेकर डॉक्टर इंदरसिंह दोहरे ने बताया कि योग्य माध्यम से ज्ञापन भिजवाया जाएगा। इस दौरान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मदन निम्बालकर, सचिव दिवानसिंह पटेल, सतीश बर्डे, कमल भंडारी, नरेंद्र बामनिया, गजेंद्र पटेल, दशरथ डुडवे, कांतिलाल भोंसले, लोकेश ईसी, सुरेश बर्डे, नरेंद्र गदरे, प्रकाश रावतले, गणेश चौहान, प्रदीप डावर, मदन पटेल, जेरमल बर्डे, शिवाजी पवार सहित अन्य मौजूद रहे।

## सर्व ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन 21 को

**बड़वानी।** सर्व ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन 21 दिसम्बर को इंदौर के लाओमनी गार्डन में होगा। सम्मेलन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगा। सम्मेलन स्थल पर बाहर से आने वाले समाज बंधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था सशुल्क रहेगी। महेश चंद्र शर्मा, बिहारी लाल शर्मा, महेश जोशी, कमलेश गोठवाल, मनिष शर्मा ने सभी ब्राह्मण समाज बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए ब्राह्मण समाज के लड़के-लड़कियों से रिश्ता जोड़ना चाहते हैं। वो इस सम्मेलन का लाभ उठा सकते हैं।

## विधायक के प्रयासों से जल संरचनाओं को मिली मंजूरी



**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 19 दिसम्बर**

विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर जल संसाधन विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग ने विस में प्रस्तुत याचिका पर विचार करते हुए क्षेत्र में नए तालाब और बैराज निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। निर्णय से उन कृषि क्षेत्रों को लाभ मिलने की संभावना है, जहां अब तक सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। प्रशासनिक मंजूरी के बाद जल संरचनाओं के विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

#### धावड़ी, पांजरिया और कुमठाना में प्रस्तावित निर्माण

प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसार सेंधवा विस क्षेत्र के धावड़ी गांव में गोई नदी पर एक तालाब, पांजरिया गांव में एक तालाब तथा कुमठाना गांव में एक बैराज का निर्माण किया जाएगा। इन जल संरचनाओं से आसपास के खेतों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इससे किसानों को फसलों की सिंचाई में सुविधा मिलेगी और खेती को स्थायित्व मिलने की उम्मीद है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार गोई नदी पर पूर्व में चिखली, घुड़चाल, गोई गांव, नकटीरानी और मेहतगांव में बैराजों का निर्माण किया जा चुका है। इन बैराजों से आसपास के कुछ गांवों को आंशिक रूप से सिंचाई का लाभ मिल रहा है। नए तालाब और बैराज बनने से सिंचाई का दायरा और विस्तृत होगा तथा उन क्षेत्रों तक भी पानी पहुंचेगा, जहां अब तक पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

#### वित्तीय स्वीकृति के बाद शुरू होगा कार्य

विधायक मोंटू सोलंकी ने बताया कि निर्माण कार्यों को फिलहाल प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और इसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। तालाब व बैराज बनने से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा और कृषि के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। सिंचाई सुविधा मजबूत होने से किसान बेहतर उत्पादन कर सकेंगे।

#### जगह-जगह की पुष्पवर्षा

विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर जल संसाधन विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### एक नजर में

#### तीन वरिष्ठ रचनाकारों को पं. श्रीधर जोशी स्मृति सम्मान



**इंदौर.** मालवा के लोकप्रिय कवि एवं साहित्यकार कीर्तिशेष पंडित श्रीधर जोशी की स्मृति में प्रति वर्ष दिया जाने वाला प्रतिष्ठित सम्मान इस बार तीन वरिष्ठ रचनाकारों को प्रदान किया जाएगा. पंडित श्रीधर जोशी स्मृति समिति की सचिव सुषमा दुबे ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव जी कौतुक, वरिष्ठ साहित्यकार पुरुषोत्तम दुबे और मालवी लोक गायिका एवं लेखिका कुसुमलता मंडलोई को यह सम्मान देने का निर्णय लिया गया है. सम्मान समारोह का यह सातवां वर्ष है. अब तक मध्यप्रदेश के 15 साहित्यकारों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है.

#### गुप्ता माथुर वैश्य महासभा के संगठन मंत्री मनोनित



**इंदौर.** समाज सेवा और संगठन के प्रति अपनी असाधारण निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए, अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा ने नरेश गुप्ता को महासभा का 'संगठन मंत्री' मनोनीत किया है. महासभा के शीर्ष नेतृत्व ने यह मनोनयन नरेश गुप्ता के समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवा भाव और महासभा के सिद्धांतों में अटूट विश्वास को ध्यान में रखते हुए किया है. उनकी यह नियुक्ति महासभा के संगठन को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगी. नरेश गुप्ता ने हमेशा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी दिखाई है. नरेश गुप्ता के इस मनोनयन से समाज और महासभा के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है. समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं.

#### सर्दी में त्वचा की देखभाल करें बादाम के साथ

**इंदौर.** सर्दियाँ अपने साथ सुकून भरी रातें और त्योहारों का उत्सव लेकर आती हैं, लेकिन कई लोगों के लिए यह एक परिचित चुनौती भी पेश करती है– शुष्क, बेरंग और संवेदनशील त्वचा. टॉपिकल स्किनकेयर मदद कर सकता है, लेकिन लंबे समय तक पोषण शरीर के अंदर से ही शुरू होता है. न्यूट्रिशनिस्ट ॠतिका समद्दार बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की देखभाल का सबसे प्रभावी तरीका सही खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर को पोषण देना है. वह बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की सूखापन केवल स्किनकेयर का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह पोषण से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन ई और ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया, जैसे फैटी फिश और कैलिफ़ोर्निया बादाम. रोज़ाना बादाम को अपने आहार में शामिल करने से त्वचा को भीतर से पोषण मिलता है और यह कठोर मौसम में भी मुलायम, हाइड्रेटेड और स्वस्थ बनी रहती है.

#### वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने नए शो से 2025 का किया समापन

**मुंबई.** वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी साल के अंत को कार्टून नेटवर्क और पोगो पर नई कहानियों की धूम के साथ खास बना रहा है. क्रिसमस के उत्साह को और बढ़ाते हुए, कार्टून नेटवर्क 15 दिसंबर से अपने नए शो ओम नॉम स्टोरीज़ के लॉन्च के साथ फन-टेनमेंट सीज़न की शुरुआत करने जा रहा है. यह सीरीज़ ओम नॉम के एक जिज्ञासु, हरे रंग के छोटे मॉन्स्टर की कहानी दिखाती. पोगो नया कॉमेडी शो ओमी नं. 1 लॉन्च कर रहा है. यह शो ओमी की धमाल-भरी दुनिया दिखाता है. डिस्कवरी किड्स साल के अंत में छुट्टियों की खुशियों में इज़ाफ़ा करते हुए अपना स्पेशल स्टंट, टिड्डू- शरारत का ग्रैंड काउंटडाउन पेश कर रहा है. यह 25 से 31 दिसंबर तक, हर दिन सुबह 9.30 बजे प्रसारित होगा. फेस्टिव सीज़न के जोश को आगे बढ़ाते हुए, कार्टून नेटवर्क 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक हर दिन सुबह 11.30 बजे टीन टाइटन्स गो! के नए एपिसोड प्रसारित करेगा, जो कॉमेडी, एनर्जी और अनलिमिटेड एडवेंचर की चमक लेकर आएंगे.

#### द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली जियो हॉटस्टार पर जल्द

**इंदौर.** जियो हॉटस्टार ने अपने नए पारिवारिक कॉमेडी-ड्रामा 'द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली' का ट्रेलर जारी किया है. फिल्म में कृतिका कामरा, पुरब कोहली, फ़रीदा जलाल, श्रेया धनवन्तरी, जूही बब्बर, शीबा चड्ढा, डॉली अहलूवालिया, नताशा रस्तोगी और निशंक वर्मा सहित कई कलाकार नज़र आएंगे. फिल्म की कहानी दिल्ली में एक ही दिन की घटनाओं पर आधारित है, जहां मुख्य किरदार बानी अहमद (कृतिका कामरा) एक महत्वपूर्ण 12-घंटे की कार्य समय सीमा को पूरा करने की कोशिश कर रही हैं. निर्देशक अनुषा रिज़वी ने कहा 'द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली' की कहानी मेरी उस गहरी भावनात्मक समझ से जन्मी है, जो भारतीय परिवारों की प्यारी अव्यवस्था, स्पष्ट राय और बेइंतहा मोहब्बत से जुड़ी है. मूल रूप से यह फिल्म सिर्फ व्यवधानों के बारे में नहीं, बल्कि इस बारे में है कि परिवार- अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण और उलझाने वाली स्थिति में भी- हमें किस तरह आकार देता है और हम उस प्रभाव से कभी पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाते.

## निवेश और भविष्य के विकास को लेकर मंथन

- एनआरआई महापर्व के चौथे संस्करण का आयोजन

**इंदौर. एनआरआई फोरम द्वारा आयोजित एनआरआई महापर्व का चौथा संस्करण आज सम्पन्न हुआ. सुबह एनआरआई ने यशवंत क्लब में पारंपरिक खेल खेले और उसके बाद डेली कॉलेज में निवेश और विकास को लेकर सवाल जवाब के साथ चर्चा हुई.**



महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में एक दिवसीय आयोजन का यह चौथा साल है, जिसमें इंदौर से विदेशों में रहकर विभिन्न तरह के व्यवसाय करने और इंदौर में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा और जानकारी का आदान प्रदान किया गया. उक्त महापर्व में दुनिया के 27 देशों से आए 250 से अधिक नॉन रेसिडेंशियल इंदौरी (एनआरआई) लगातार चौथी बार पहुंचे. कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ राहुल भार्गव, तपन अग्रवाल, अंशुल लाड, गौरव आनंद, पुलकित दुबे, रोहित गंगवार सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

**पैनल डिस्कशन में खुली चर्चा**– कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन रहा, जिसमें एनआरआई द्वारा दिए गए सुझावों और प्रश्नों पर चर्चा की गई. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एनआरआई के सवालों का जवाब दिया. रियल एस्टेट, आईटी, हेल्थ केयर, उद्योग, सेकेंड इनिंग और इंदौर वापसी जैसे विषयों पर संवाद किया.

**इन देशों से आए** –हांगकांग, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, नीदरलैंड, अमेरिका, जापान, शारजाह, जर्मनी, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, डेनमार्क, कनाडा, शिकागो सहित कुल 27 देशों से प्रवासी इंदौरी इस महापर्व में शामिल हुए.

#### खेलों से शुरूआत, भविष्य की योजनाओं पर समापन

सुबह यशवंत क्लब में पारंपरिक भारतीय खेलों का आयोजन किया गया। जहां महापौर पुष्यमित्र भार्गव स्वयं एनआरआई के साथ गुल्ली-डंडा, कबड्डी, पतंग उड़ाना, लट्टू और लंगड़ी जैसे देसी खेल खेले गए. शाम को डेली कॉलेज में मुख्य कार्यक्रम में इंदौर की संस्कृति, संस्कार और वैश्विक पहचान दर्शाने वाला वीडियो प्रस्तुत किया गया. साथ ही इयर बुक का विमोचन किया गया, जिसमें महापौर द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख है.

#### इन मुद्दों पर पूछे सवाल, पैनल ने दिए जवाब...

- इंदौर में बसने वालों के लिए अगले 10 वर्षों में हाउसिंग की संभावनाएं
- आईटी सेक्टर में एनआरआई निवेश की प्रक्रिया और अवसर
- इंदौर में हेल्थ केयर सेक्टर की संभावनाएं
- ज्वेलरी इंडस्ट्री में निवेश के अवसर
- रियल एस्टेट, आईटी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, कपड़ा और ज्वेलरी सेक्टर में निवेश
- एनआरआई के लिए भविष्य की रेसिडेंशियल प्लानिंग
- इंटरनेट और एआई के युग में इंदौर की तैयारी और संभावनाएं
- इंदौर को मेडिकल हब और मेडिकल टूरिज्म के रूप में विकसित करने की दिशा

## नि:शुल्क ध्यान शिविर 21 को

**इंदौर.** सहज योग ध्यान समिति इंदौर द्वारा 21दिसंबर ,रविवार को सुबह 8 बजे निशुल्क ध्यान शिविर का आयोजन किया जायेगा. विश्व ध्यान दिवस पर यह आयोजन बोलिया सरकार की छत्री एमजी रोड स्थित हीरा लस्सी के पास होगा.

यह जानकारी देते हुए समिति के समनवयक पुमेश बाहेती ने बताया कि माताजी निर्मला देवी द्वारा स्थापित सहज योग ध्यान मानवता को प्रदान किया गया एक ऐसा सहज, सरल और प्रभावी मार्ग है जो हमारे भीतर की दिव्य शक्ति को जगा सकता है. माता निर्मला देवी का उद्देश्य ही था कि प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी साधना के कुंडलिनी जागरण और आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर सके। इस शिविर में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है और नहीं किसी पूर्व अनुभव या विशेष अभ्यास की आवश्यकता है. इस शिविर में सभी आयु वर्ग के लोग सहभागी बन सकते है.

## दिन में गर्मी और रात शीतलहर की गिरफ्त में

- रात का पारा 5 डिग्री के अंदर

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** मौसम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है. इसका कारण यह है कि दिन में गर्मी और रात शीतलहर की गिरफ्त में है. कल रात का तापमान फिर 5 डिग्री के अंदर दर्ज हुआ. वहीं दिन का तापमान 28 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे दिन में गर्मी का अहसास हुआ.

प्रदेश में शीत लहर चल रही है, लेकिन रात में ही मौसम में ठिठुरन महसूस हो रही है. कल रात इंदौर का



तापमान फिर गिरा और 4.9 डिग्री न्यूनतम दर्ज हुआ है, जो सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस कम है. वही दिन का तापमान 28 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है. मौसम में उत्तरी हवाओं के कारण रात का तापमान सामान्य से बहुत कम हो रहा है. शीतलहर का वातावरण बना रहा है, मगर दिन में सूरज की तेज किरने शीतलहर को दबा भी रही है. यह कारण है कि दिन में धूप चेट रही है. प्रदेश में सबसे कम तापमान मंदसौर 3.7 में और सबसे अधिक तापमान नर्मदापुरम में 30.2 दर्ज किया गया है. प्रदेश के भोपाल और इंदौर संभाग में शिलाहार का प्रभाव बना हुआ है. वहीं अधिकांश शहरों में मौसम साफ रहेगा.



## किताबों को अलमारी तक सीमित न रखें : डॉ. ठाकुर

**इंदौर.** किताबों को अपनी अलमारी तक सीमित न रखें, उन्हें पाठकों तक भी पहुँचाएँ तभी आपका लेखन सार्थक होगा. यह बातें साहित्यकार डॉ. घनश्याम ठाकुर ने संस्था सोसायटी आफ आथर्स द्वारा कुंद कुद ज्ञानपीठ सभाग्रह में आयोजित मासिक बैठक के दौरान कही. उन्होंने कहा कि केवल पुस्तकें प्रकाशित कर अपनी अलमारी में जमा न करें. अपनी पुस्तकें बाहर के साहित्यकारों एवं पाठकों तक पहुँचाने का भी प्रयास करें. आपके द्वारा लिखा गया जितना व्यापक प्रसारित होगा उतना ही लोक मंगल होगा एवं हमारा शहर इन्दौर गौरवान्वित होगा. सभा में ब्रजेन्द्र नागर, राज सांधेलिया, महेन्द्र सांघी, पी.के. माथुर, सत्यनारायण मंगल, मीना अग्रवाल, शोभारानी तिवारी, मुकेश इन्दौरी, राजेश रामनगीना, रशीद एहमद शेख, कमल कासलीवाल, ओमप्रकाश जोशी, गोकुल परसाई, बालकराम शाद, सुरेश रायकवार, विकास जैन, अनुपमा जैन, डॉ रवीन्द्र पहलवान, रामनारायण सोनी ने अपनी अपनी रचनाओं का सरस सुमधुर पाठ किया. संचालन संस्था सचिव रामनारायण सोनी ने किया.

## अधिकारी नहीं सुन रहे तो इस्तीफा दें : वर्मा

- गायब मतदाताओं को लेकर कांग्रेसी आवाज उठाएंगे

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** जिले में लाखों वोट कम होने का उपयोग भाजपा चुनाव प्रभावित करने करेगी. मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के आधे कलेक्टरो को मसूरी भेजा जा रहा था. हमने चुनाव आयोग को शिकायत की और ट्रेनिंग का आदेश निरस्त हुआ. प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर मुख्यमंत्री के सामने गुहार लगा रहे थे कि अधिकारी नहीं सुन रहे हैं. मेरी उनको सलाह है कि वे पद से इस्तीफा दे, फिर देखे कैसे नहीं सुनते हैं.

यह बात आज कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने मीडिया से कही.एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आज कांग्रेस कार्यलय गांधी भवन में प्रदेश विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभारी सज्जन सिंह वर्मा ने उक्त प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने सीधा आरोप लगाया है इंदौर में 5.41 लाख और भोपाल में 4.50 लाख मतदाता गायब है. उक्त मतदाताओं को कांग्रेस ढूंढेगी और वापस नाम जुड़वाएगी. वर्मा ने कहा कि 5.41 लाख मतदाता गायब होना, यह चूक नहीं है, बल्कि व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है. कांग्रेसी इसके खिलाफ जमकर आवाज उठाएंगे. कम या गायब मतदाता सूची का उपयोग भाजपा चुनाव प्रभावित करने में कर सकती है.

### एक नजर में — गुजराती समाज इंग्लिश मीडियम स्कूल में आनन्द मेला सम्पन्न

## जीवन में खुशी व मनोरंजन अति आवश्यक : प्रो. पलोड़

**इंदौर.** आनन्द तो मेले में ही आता है. मेले में घूमकर हम अपने मन के उल्लास को बढ़ाते हैं. जीवन में खुशी व मनोरंजन अत्यावश्यक है. हास्य से तनाव दूर होता है. उमंग में बढ़ोतरी भी मन का आल्हाद ही करता है.

उक्त विचार हास्यकवि प्रोफेसर श्याम सुन्दर पलोड ने व्यक्त किये. वे गुजराती समाज अजमेरा मुकेश नेमीचंदभाई इंग्लिश मीडियम स्कूल के आनन्द मेले के विशेष अतिथि के रूप में विचार व्यक्त कर रहे थे. आयोजन स्कीम नम्बर 54 स्थित विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ . कार्यक्रम के विशेष अतिथि गायक कपिल पुरोहित ने कहा कि संगीत से भी आनन्द की अनुभूति होती है. गीतों की गुनगुनाहट मन को खुश कर देती है. गानों के बोल पैर की थिरकन का



कारण बनते हैं. आनन्द की प्राप्ति के लिये संगीत की साधना जरूरी है. इस अवसर पर महामंत्री पंकज संघवी ने कहा कि कविता व गीत को लेकर हमने आनन्द मेले में आनन्द को द्विगुणित कर दिया. मनोरंजन के तमाम साधनों से हम खिलखिलाहट भरे जीवन को सफलता का आधार बनाते हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चैयरमेन कीर्ति पटेल ने की.

#### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां

आयोजन में विशेष अतिथि प्रसिद्ध कवि प्रो.(डॉ) श्याम सुन्दर पलोड ने अपनी हास्यपूर्ण कविताओं से खूब गुदगुदाया और माँ की ममता कविता से भावपूर्ण माहौल बना दिया तो वहीं विशेष अतिथि गीतकार कपिल पुरोहित ने भी अपने गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया. सभी के मनोरंजन हेतु गेम झोन एवं फ़ूड झोन में अनेक स्टॉल लगाए गए. साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी व रेम्प वाक किया. इस अवसर पर आरती पटेल, मीना रूपेश पटेल, शोभना शाह, मेघवी परीख, मनीषा पाठक, कृतिका गुजराती जज के रूप में उपस्थित रही. डॉ.गायत्री पलोड भी मंच पर उपस्थित रही. विद्यालय की प्राचार्या डॉ.सीमा सिसोदिया एवं सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया.